आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
189200 Subscribers
YouTube Channel
Channel
Subscribe NOW



### आइएनडीआइए प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा, कहा

# एचइसी की बदहाली पर संज्ञान नहीं लिया, तो राष्ट्रपति से लगायेंगे गुहार

**एचइसी के कर्मचारियों को वेतन नहीं मिल रहा**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भारत सरकार के उपक्रम एचइसी की बदहाली पर संज्ञान नहीं लिया गया, तो राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मिल कर इसे बचाने की गुहार लगायेंगे। उक्त बातें राजभवन में राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से मुलाकात के बाद इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इनक्लूसिव अलायंस (आइएनडीआइए) गठबंधन के प्रतिनिधिमंडल ने मीडिया के समक्ष कही। पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय ने कहा कि त्योहार का सीजन आनेवाला है और एचइसी के कर्मचारियों को वेतन नहीं मिल रहा है। केंद्र और राज्य के लिए एचइसी एक बड़ी धरोहर है। इसको बचाना जरूरी है। यह कलाम साहब और डॉ मनमोहन सिंह की धरोहर है, लेकिन नरेंद्र मोदी के शासनकाल में ये घाटे में है। एचइसी के पास वर्किंग कैपिटल नहीं है, ना ही रॉ मैटेरियल है। इसरो पर जब राज्यसभा में चर्चा हो रही थी, उस वक्त भी एचइसी की बदहाली पर सवाल उठाया गया था।



**करोड़ों की लागत से प्रतिमाएं बन रहीं और इधर एचइसी बदहाल: डॉ महुआ माजी**

राज्यसभा सांसद डॉ महुआ माजी ने कहा कि राज्यसभा में एचइसी के मुद्दे को उठाया था। चंद्रयान-1, 2 और 3 का लांचिंग पैड और अन्य उपकरण एचइसी ने बनाया है। एशिया की सबसे बड़ी इंडस्ट्री आज बदहाल स्थिति में है। देश में करोड़ों रुपये की लागत से प्रतिमाएं बन रही हैं, दूसरी तरफ एचइसी बदहाल है। महुआ माजी ने कहा कि आप प्रतिमा जरूर बनायें, लेकिन केंद्र सरकार को एचइसी को लेकर भी सकारात्मक पहल करने की जरूरत है।

**एचइसी के मुद्दे पर गंभीरता पूर्वक विचार करें राज्यपाल**

डॉ महुआ ने कहा कि राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से मिलकर आग्रह किया कि इस विषय पर आप गंभीरतापूर्वक विचार करें। 2045 तक भारत को विकसित देश में लाना है, तो एचइसी का भी होना बहुत जरूरी है। वहीं सुबोधकांत ने कहा कि राज्यपाल ने आश्वस्त किया है कि जल्द ही एचइसी का दौरा करेंगे।

### झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग की नयी कमेटी की घोषणा

# अल्पसंख्यक कांग्रेस के रांची महानगर अध्यक्ष बने हुसैन खान

**10 उपाध्यक्ष, 15 महासचिव और 17 सचिव बनाये गये**

**अल्पसंख्यक के हर मुद्दे पर काम करूंगा : हुसैन खान**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग में बुधवार को नयी कमेटी का गठन किया गया। इसमें प्रदेश में 10 उपाध्यक्ष 15 महासचिव 17 सचिव बनाये गये। और 17 जिला में अध्यक्ष बनाये गये हैं। 7 जिला अध्यक्ष के नामों की घोषणा दूसरे फेज में की जायेगी। जिस जिला की घोषणा अभी नहीं हुई है इसमें रांची ग्रामीण, सरायकेला खरसावां, पूर्वी सिंहभूम, लातेहार, चतरा, दुमका और गोड्डा शामिल हैं। रांची महानगर कांग्रेस अल्पसंख्यक अध्यक्ष हुसैन खान को बनाया गया। इससे कांग्रेस कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है। प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने बधाई दी और कहा कि हुसैन खान के अध्यक्ष बनने से महानगर सहित राज्य में भी कांग्रेस मजबूत होगी। पदभार संभालते हुसैन खान ने कहा कि अल्पसंख्यक योजनाओं पर काम करुंगा साथ ही जो काम अल्पसंख्यकों का नहीं हो पाया उस पर जल्द काम करूंगा। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में जमकर पटाखे फोड़े और एक दूसरे को मिठाई खिला कर बधाई दी। वहीं रांची महानगर अध्यक्ष बनने पर अल्पसंख्यक कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया और मिठाई बांटकर खुशी जाहिर की। इस मौके पर कांग्रेस के केंद्रीय अल्पसंख्यक महासचिव अख्तर अली, शेंकी खान, रॉय, वसीम, अरबाज, मूसेफ, अफरोज, शाहिद, ताहिर, आदित्य, तसलिम, जुनैद, जैद, अमीत, संतोष, प्रकाश, मोख्तार सहित कई लोग उपस्थित थे।




# कांग्रेस ने एसटी-एससी विस क्षेत्रों में नियुक्त किया कोऑर्डिनेटर

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने राज्य के सभी अनुसूचित जनजाति एवं अनुसूचित जाति के आरक्षित विधानसभा क्षेत्रों के लिए कोऑर्डिनेटर नियुक्त किया है। प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय के अनुमोदन के उपरांत यह सूची जारी की गयी है। प्रदेश प्रवक्ता सतीश पॉल मुंजनी ने बताया कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा लीडरशीप डेवलपमेंट मिशन (एलडीएम) के तहत प्रदेश के सभी अनुसूचित जनजाति एवं अनुसूचित जाति के आरक्षित विधानसभा क्षेत्रों में कोऑर्डिनेटर की नियुक्ति करने का निर्देश प्राप्त हुआ था। इस मिशन के तहत प्रदेश के सभी अनुसूचित जनजाति एवं अनुसूचित जाति के आरक्षित विधानसभा क्षेत्रों में आदिवासी, दलित, पिछड़ा एवं अल्पसंख्यक समुदाय से युवाओं को पार्टी संगठन जोड़ने का कार्य करना है। साथ ही उपरोक्त सभी समुदायों से पार्टी संगठन से जुड़े नेताओं एवं कार्यकताओं को और अधिक क्रियाशील बनाना है। पूर्व में खूंटी एवं लोहरदगा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र अंतर्गत सभी एसटी विधानसभा क्षेत्रों में एलडीएम कोऑर्डिनेटर की नियुक्ति की जा चुकी है।

**ये बनाये गये प्रभारी**

लातेहार निरंजन पासवान, मनिका ओम प्रकाश अमन, छतरपुर रामवृक्ष यादव, सिमरिया रजी अहमद, चतरा -जगदीश साहू, जमुआ शंकर प्रजापति, चंदनकियारी अशोक मालाकार, जुगसलाई मदन कुमार महतो, खिजरी आलोक साहू, चाईबासा सुरेन राम, मनोहरपुर संजय घोष, चक्रधरपुर अशोक कुमार सिंह, मझगांव मोहम्मद मोहसिन, जग्रनाथपुर मनोज सिंह, सरायकेला राजन सिंह राजा, घाटशिला हरेंद्र प्रताप राणा, पोटका अरुण कुमार महतो, देवघर सुधांशु शेखर झा, दुमका मोजिबुल्लाह, जामा ताजमुल अंसारी, शिकारीपाड़ा अशोक वर्मा, बरहेटके एन झा, लिट्टीपाड़ा अशोक पासवान, महेशपुर दिलीप गुप्ता, बोरियो बाबू पॉल, कांके राजकुमार यादव शामिल हैं।

# अपराधियों ने युवक के सिर और आंख में मारी गोली, स्थिति गंभीर

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला का है युवक, पंडरा में रह रहा था, रिम्स में भर्ती**

**रांची।** राजधानी रांची में बेखोफ अपराधियों ने युवक की सिर और आंख में गोली मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। यह घटना बुधवार की दोपहर पंडरा ओपी क्षेत्र के एलएन मिश्रा कॉलोनी के पास हुई है। जहां अपराधियों ने मनीष नाम के युवक को गोली मार दी। आनन-फानन में स्थानीय लोगों के द्वारा मनीष सिंह को रिम्स भेजा गया है। जहां उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। वहीं घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की जांच में जुटी हुई है। मनीष सिंह को किस वजह से अपराधियों ने गोली मारी है, अब तक इसके पीछे का वजह पता नहीं चल पाया है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। जानकारी के मुताबिक घायल युवक रांची के अपर बाजार स्थित एक बर्तन दुकान में काम करता है। मनीष को गोली किसने और क्यों मारी इस बात का खुलासा अब तक नहीं हो पाया है। लगभग 27 साल का मनीष रांची में अपनी बहन और मामा के साथ रहता है। वह अपर बाजार में बर्तन दुकान में काम करता है। उसकी मां दिल्ली में रहती है। वह गुमला का रहने वाला है। घायल युवक अपने घर के बाहर वह खड़ा था। तभी अपराधियों ने उसे पर फायरिंग कर दी। फायरिंग में युवक के एक आंख में गोली लग गयी। फायरिंग करने के बाद अपराधी मौके से फरार हो गये। वहीं फायरिंग की आवाज सुनकर स्थानीय लोग पर वहां पहुंचे और घायल युवक को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया। पुलिस के द्वारा आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाला जा रहा है।

## बड़गांई अंचल के राजस्व उप निरीक्षक भानु प्रताप की जमानत पर इडी कोर्ट में सुनवाई पूरी, आदेश 4 अक्टूबर को

**रांची (आजाद सिपाही)।** बरियातू स्थित सेना की जमीन की खरीद बिक्री मामले में आरोपी बड़गांई अंचल का राजस्व उप निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद की जमानत याचिका की सुनवाई इडी कोर्ट में बुधवार को हुई। मामले में दोनों पक्षों की सुनवाई पूरी होने के बाद इडी के विशेष न्यायाधीश दिनेश राय की कोर्ट ने में फैसला सुरक्षित रख लिया। अदालत 4 अक्टूबर को मामले में अपना आदेश सुनायेगी। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता प्रदीप चंद्रा ने पक्ष रखा। बता दें कि मामले में भानु प्रताप के अलावा सेना की जमीन मालिक का होने का दावा करने वाले प्रदीप बागची, जगतबंधु टी इस्टेट के मालिक दिलीप घोष, रिम्सकर्मी अफसर अली, कारोबारी अमित अग्रवाल, विष्णु अग्रवाल के साथ ही करीबन 14 लोगों को गिरफ्तार किया है। मामले में भानु प्रताप सहित 10 के खिलाफ आरोप पत्र भी दाखिल हो चुका है।

### साधा निशाना : मुंगेरीलाल के हसीन सपने देख रहे हैं झामुमो प्रवक्ता

# दिल्ली क्या जायेंगे, 2024 में झारखंड से झामुमो का सफाया तय : कुणाल षाड़ंगी

आजाद सिपाही संवाददाता

**जवाब देने के बजाय बहाने ढूंढ़ रहे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन**

**झामुमो बताये अगर सीएम हैं पाक-साफ तो सवालों से भाग क्यों रहे?**

**रांची।** झामुमो के महासचिव और प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य के द्वारा बाबूलाल मरांडी की संकल्प यात्रा में लगने वाला पैसा गौ तस्करी में शामिल लोगों के होने का आरोप लगाया था। झामुमो प्रवक्ता के बयान के बाद भाजपा झामुमो पर हमलावर हो गयी है। झामुमो प्रवक्ता के बयान के पलटवार में बुधवार को भाजपा प्रदेश प्रवक्ता सह पूर्व विधायक कुणाल षाड़ंगी ने प्रेस बयान जारी कर झामुमो पर निशाना साधा है। कहा भाजपा के सवालों का जवाब देते नहीं और दूसरा मनगढ़ंत आरोप लगाने में लग जाते। कुणाल षाड़ंगी ने ऐसे बेबुनियाद और मनगढ़ंत बयान को झामुमो की बौखलाहट बताते हुए कहा कि प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री बाबुलाल मरांडी की राज्यव्यापी संकल्प यात्रा को मिल रहे आपार जनसमर्थन से झामुमो घबरायी हुई है। कुणाल षाड़ंगी ने कहा कि पूरे राज्य में लूट, भ्रष्टाचार, कानून और स्वास्थ्य की ध्वस्त व्यवस्था से पूरा राज्य शर्मशार हो रहा है। तो वहीं, विपक्ष के नेता मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए अनर्गल बयानबाजी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के बचाव में गलत बयानबाजी करने वाले झामुमो प्रवक्ता को यह बताना चाहिए कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अगर कोई गलती नहीं है तो उन्हें प्रवर्तन निदेशालय के सवालों से भागने की जरूरत क्यों पड़ रही है। उन्होंने झामुमो प्रवक्ता को आरोप लगाने बजाय आरोपों की जांच एसआइटी गठित कर कराने की नसीहत दी। कुणाल ने कहा कि आज केंद्रीय एजेंसियों पर सवाल उठाने वालों झामुमो प्रवक्ता को यह जवाब देना चाहिए कि पिछले दिनों सुप्रीम कोर्ट के शरण में क्यों गये थे। अगर इडी के मामले में उन्हें सुप्रीम कोर्ट पर भरोसा है तो दूसरे मामले में जब शिक्षक नियुक्ति की गलत प्रक्रिया को हाइकोर्ट या सुप्रीम कोर्ट रिजेक्ट करता है तो न्यायालय के फैसले पर सवाल उठाकर जनता को गुमराह करने का प्रयास किया जाता है।




प्रदेश प्रवक्ता कुणाल षाड़ंगी ने कहा कि विभिन्न घोटालों की वजह से झारखंड की स्थिति किसी से छिपी नहीं है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी जब भी सवाल करती है तो पूरे पुख्ता दस्तावेजों के साथ करती है। कहा कि हमारे राष्ट्रीय प्रवक्ता ने आरोप लगाये हैं कि फायरिंग रेंज के किनारे 100 एकड़ जमीन जो करीब 500 करोड रुपये की है उसका नाम बदलकर खरीदे गये हैं तो इसके दस्तावेज उन्होंने प्रस्तुत किया है। कुणाल ने कहा कि विपक्ष की प्रवृत्ति सिर्फ आरोप लगा कर भागने की रही है। जिसको जनता भली भांति जानती और पहचान रही है। देश के राजनीतिक इतिहास में पहली बार हुआ है कि जब किसी मुख्यमंत्री को पांच बार समन जारी किया गया है और तब भी जवाब देने की जगह बहाने ढूंढ़े जा रहे हैं। स्वाधीन भारत में इस तरह के उदाहरण देखे नहीं गये हैं। वहीं, कुणाल षाड़ंगी ने कहा कि आधे से अधिक मुख्यमंत्री जी के करीबी टीम के लोग जेल में हैं, यह दर्शाता है कि आगे भविष्य में क्या होने वाला है!

## जाम हटाने के लिए अल्बर्ट एक्का से सुजाता चौक तक चला अभियान

**रांची (आजाद सिपाही)।** एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा के निर्देश पर ट्रैफिक जाम को कम करने के लिए बुधवार को अल्बर्ट एक्का से सुजाता चौक तक मुख्य सड़क पर अभियान चला, जिसमें पंजाब स्वीट्स का सामान और लाइव काउंटर अंदर कराया गया और कड़ी चेतावनी दी गयी। दूसरी ओर जाम की समस्या से निजात दिलाने के लिए प्रभारी ट्रैफिक एसपी राजकुमार मेहता ने एक बार फिर नया प्लान तैयार किया है। अब सड़क किनारे गलत तरीके से खड़े किये जाने वाले वाहनों के खिलाफ सख्ती बरती जायेगी। इसके लिए उन्होंने एक टीम बनायी है। उन्होंने बताया कि टीम में एक पदाधिकारी सहित पांच पुलिसकर्मी रहेंगे। टीम साउंड सिस्टम से लैस वाहन में सवार होकर शहर की प्रमुख सड़कों पर भ्रमण करते हुए अनाउंसमेंट करेगी। अनाउंसमेंट के जरिये लोगों से आग्रह किया जायेगा कि कोई नो पार्किंग जोन में गाड़ी खड़ी ना करे।



**महत्वपूर्ण न्यूज**

## रामलखन सिंह यादव कॉलेज में करम मिलन समारोह का आयोजन



रांची (आजाद सिपाही )। बुधवार को राम लखन सिंह यादव महाविद्यालय के जनजातीय और क्षेत्रीय भाषा विभाग द्वारा करम मिलन समारोह का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ जेपी सिंह ने अध्यक्षीय भाषण में कहा कि टीआरएल विभाग किसी भी कार्यक्रम को बहुत ही अच्छे तरीके से करता है और यह विभाग महाविद्यालय की रीढ़ की हड्डी है। डॉ खालिद अहमद ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। मुख्य अतिथि लोक कलाकार दीनबंधु ठाकुर ने कहा कि पुराने जमाने में कैसे लोग अखड़ा में करम खेला करते थे। उन्होंने अपने गीत के माध्यम से अपनी परंपरा को बचाने का संदेश दिया। विशिष्ट अतिथि जानकी देवी ने अपने गीत के माध्यम से सभी लोगों को अखड़ा से जुड़कर रहने और अपनी संस्कृति को बचा कर रखने का संदेश दिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉ अजीत मुंडा, डॉ स्मिता करण प्रो नीलू कुमारी, डॉ अहिल्या कुमारी, प्रो अमर कुमार, डॉ राम कुमार आदि की।

## झारखंड होमगार्ड वेलफेयर एसोसिएशन ने पुलिस आरक्षी की तरह वेतन और अन्य भत्ता होमगार्ड जवानों को देने की मांग

रांची (आजाद सिपाही )। झारखंड होमगार्ड वेलफेयर एसोसिएशन ने झारखंड पुलिस के आरक्षी की तरह वेतन और अन्य भत्ता होमगार्ड जवानों को देने की मांग की है। इस संबंध में बुधवार को एसोसिएशन के प्रदेश महासचिव राजीव कुमार तिवारी ने अपर मुख्य सचिव को पत्र लिखा है। साथ ही इसकी प्रतिलिपि झारखंड गृह रक्षा वाहिनी और अग्नि शमन सेवा मुख्यालय के महानिदेशक सह महासमादेष्टा को भी दी है। लिखे गये पत्र में कहा गया है कि वर्तमान में होमगार्ड जवानों को इस महंगाई के दौर में मात्र 500 रुपये प्रतिदिन के हिसाब से मानदेय का भुगतान किया जाता है, जबकि पड़ोसी राज्य बिहार में सर्वोच्च न्यायालय के द्वारा न्यायादेश के आलोक में बिहार राज्य के होमगार्ड जवानों को पुलिस आरक्षी के समतुल्य न्यूनतम वेतन और अन्य भत्ते के बराबर सामान्य कार्य का समान वेतन का लाभ दिया जा रहा है। पत्र में कहा गया है कि झारखंड उच्च न्यायालय और सर्वोच्च न्यायालय के द्वारा पारित न्यायादेश के आलोक में झारखंड राज्य के होमगार्ड जवानों को पुलिस आरक्षी के समतुल्य न्यूनतम वेतन औरअन्य भत्ते के बराबर समान कार्य का समान वेतन का लाभ जल्द लागू करने के संबंध में आवश्यक कार्रवाई की जाये।

## लक्ष्य एक है, लालपुर सब्जी बाजार व्यवस्थित कर ट्रैफिक जाम से राहत देना : संजीव विजयवर्गीय

रांची (आजाद सिपाही )। लालपुर सब्जी विक्रेताओं को बसाने के लिए और लालपुर, कोकर वासियों को ट्रैफिक जाम से राहत देने के उद्देश्य से बुधवार को रांची के निवर्तमान उपमहापौर संजीव विजयवर्गीय रांची नगर निगम प्रशासक एवं निगम की टीम के साथ डिस्टीलरी स्थित भगवान बिरसा मुंडा समाधि स्थल के समीप सरकारी जमीन का निरीक्षण किया। विजयवर्गीय ने कहा कि काम हुए हैं कुछ बाकी है। जिसे पूरा करना है। लक्ष्य एक है लालपुर सब्जी बाजार व्यवस्थित कर सब्जी विक्रेताओं को भी और आम लोगों को भी ट्रैफिक जाम में राहत देना। लालपुर सब्जी मंडी निर्माण का काम रुक गया था पुन: अधूरे रह गये कार्य को कराने का प्रयास कर रहा हूं। निरीक्षण में अमित कुमार प्रशासक नगर निगम, कुंवर सिंह पाहन अपर नगर प्रशासक सहित पूरी नगर निगम की टीम मौजूद थी।



# जेसीआइ रांची ने एक्सपो उत्सव 2023 के ब्रोशर और पोस्टर का किया विमोचन




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** जेसीआइ रांची ने स्वर्ण भूमि बैंक्वेट हॉल में एक्सपो उत्सव 2023 का ब्रोशर और पोस्टर रिलीज किया। यह एक्सपो का 26वां साल है और पिछले 25 वर्ष से एक्सपो उत्सव का आयोजन होता आ रहा है। यह एक्सपो पूर्वी भारत का सबसे बड़ा ट्रेड फेयर है। इस वर्ष एक्सपो में 300 से अधिक स्टॉल आ रहे हैं, जो की देश के अलावा विदेश से भी होंगे।

एक्सपो का आयोजन इस वर्ष 12 से 16 अक्टूबर के बीच मोरहाबादी मैदान रांची में किया जायेगा। ब्रोशर और पोस्टर रिलीज रांची के लोकसभा सांसद संजय सेठ ने किया। ब्रोशर रिलीज चंद्रयान दो के जैसे बने जहाज से किया गया। संजय सेठ ने पोस्टर का भी अनावरण किया। उन्होंने इसकी काफी सराहना की और कहा कि अभी तक तो टीवी में देखा था, आज आंखों से भी देख लिये। ब्रोशर और पोस्टर रिलीज के दौरान अध्यक्ष अरविंद राजगढ़िया ने बताया कि इस साल हम फनगोला बच्चों के लिए एम्यूजमेंट पार्क और मिडनाइट बाजार लेकर आ रहे हैं। इसके अलावा होम डेकोर, रियल एस्टेट, ऑटो जोन, इनफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी, लेडीज कॉर्नर, फर्नीचर जोन, स्टार्टअप बाजार, फूड कोर्ट भी लेकर आ रहे हैं। संस्था के पूर्व सचिव संजय जैन ने इस बार एक्सपो की कमान संभाली है। उनकी टीम में प्रतीक जैन, सनी केडिया और राहुल तिब्रेवाल हैं। संजय जैन ने बताया कि एक्सपो फैशन शो, तंबोला, हेल्थी बेबी एंड मोम शो, वाइस ऑफ एक्सपो, डॉग शो, एक्सपो ट्रेजर हंट, पेंटिंग कंपटीशन, फैंसी ड्रेस कंपटीशन, एक्सपो ढिंचक ढा जैसे इवेंट होंगे। यूथ के लिए अलग-अलग ट्रेनिंग प्रोग्राम का भी आयोजन किया जायेगा। इस कार्यक्रम का संचालन अंकित जैन, उदित तुलस्यान और तपिश केडिया ने किया। कार्यक्रम में मंच का संचालन प्रवीण अग्रवाल ने संभाला। यह जानकारी एक्सपो मीडिया हेड सिद्धार्थ चौधरी और जेसीआइ रांची के प्रवक्ता प्रवीण अग्रवाल ने दी।

# किशोर मंत्री चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष निर्वाचित




**परेश गट्टानी को महासचिव, राहुल साबू और आदित्य मल्होत्रा को उपाध्यक्ष बनाया गया**

**ज्योति कुमारी को सर्वसम्मति से कोषाध्यक्ष चयनित किया गया**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के सत्र 2023-24 के नवनिर्वाचित कार्यकारिणी समिति के सदस्यों की बैठक चुनाव पदाधिकारी ललित केडिया की अध्यक्षता में बुधवार को हुई। चुनाव पदाधिकारी ने नवनिर्वाचित कार्यकारिणी समिति के सभी सदस्यों को बधाई दी और वर्षभर राज्य के व्यापारियों, उद्यमियों और प्रोफेशनल्स के हित में कार्यरत रहने की सलाह दी। बैठक के दौरान झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स के इस कार्यकाल के पदाधिकारियों का चयन किया गया। सभा में सर्वसम्मति से किशोर मंत्री को चैंबर अध्यक्ष के रूप में चयनित किया गया। परेश गट्टानी को महासचिव, राहुल साबू और आदित्य मल्होत्रा को उपाध्यक्ष, अमित शर्मा और शैलेश अग्रवाल को सह सचिव और ज्योति कुमारी को सर्वसम्मति से कोषाध्यक्ष चयनित किया गया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष किशोर मंत्री ने चैंबर चुनाव के दौरान राज्य के व्यापार और उद्योग जगत की ओर से मिले सहयोग और समर्थन के लिए सदस्यों को धन्यवाद दिया। बिरसा मुंडा फुटबॉल ग्राउंड की उपलब्धता के लिए उन्होंने राज्य सरकार और झारखंड खेल प्राधिकरण को भी धन्यवाद दिया। साथ ही उन्होंने चैंबर को और अधिक मजबूती प्रदान कराने में सभी व्यापारियों और उद्यमियों से अपेक्षित सहयोग की अपील की। बैठक के उपरांत चुनाव पदाधिकारी ललित केडिया ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को पदभार सौंपा। बैठक के दौरान चुनाव पदाधिकारी ललित केडिया, नवनिर्वाचित पदाधिकारियों के अलावा नवनिर्वाचित कार्यकारिणी सदस्य रोहित पोद्दार, सुनील केडिया, डॉ अभिषेक रामाधीन, अनिल अग्रवाल, विकास विजयवर्गीय, नवीन अग्रवाल, नवजोत अलंग, प्रवीण लोहिया, राम बांगड, रोहित, साहित्य पवन, संजय अखौरी, सुनील सरावगी और विमल फोगला उपस्थित थे।

## एनजीटी कोर्ट को जज समेत उड़ाने की मिली धमकी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**साहिबगंज।** जिले के चर्चित सामाजिक कार्यकर्ता सह पर्यावरण प्रेमी सैयद अरशद नसर को मंगलवार की रात्रि करीब दस बजे शहर के पटनिया टोला में पांच अज्ञात लोगों ने घेर कर व पिस्तौल सटा कर गाली गलौज की। मारपीट करते हुए एनजीटी कोर्ट को जज समेत उड़ाने की धमकी दी। पांच अज्ञात लोगों ने कहा कि एनजीटी में राजमहल पहाड़ को बचाने व संवर्धन हेतु व अवैध खनन क्रशर व परिवहन पर संपूर्ण रूप से रोक लगाने तथा प्रदूषण आदि से लोगों को निजात दिलाने के लिए तुमने जो याचिका दायर की है, उसे उठा लो। क्योंकि याचिका दायर होने से हम पत्थर कारोबारियों को भारी आर्थिक, शारीरिक व मानसिक क्षति पहुंच रही है। इसलिए तुम याचिका वापस ले लो, नहीं तो तुम्हारी हमलोग हत्या कर देंगे। इतना कहते हुए अरशद से जबरन पांच हजार रुपये भी छीन लिये।

**साहिबगंज नगर थाना में एफआइआर के लिए दिया आवेदनः** वहां पर कुछ लोग आ गये तो ये सभी धमकी देते हुए चले गये। कहा कि अगर इसकी कहीं भी शिकायत की तो अंजाम बहुत ही खतरनाक होगा। तुम्हें जो हम लोगों ने कहा है उस पर अमल करो। अरशद ने इस घटना को लेकर साहिबगंज नगर थाना में बुधवार को ऑनलाइन एफआइआर दर्ज कराने के लिए आवेदन किया है।

**एनजीटी में वर्ष 2017 में याचिका दायर की गयी थी**

राजमहल के ऐतिहासिक पहाड़ को बचाने की गुहार लगाते हुए पत्थर माफियाओं पर कार्रवाई हेतु अरशद द्वारा एनजीटी में वर्ष 2017 में याचिका दायर की गयी थी। इसकी अगली सुनवाई तिथि 12 अक्टूबर को निर्धारित है।

## जुलूस-ए-मोहम्मदी की तैयारी पूरी

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** एदारा ए शरीया झारखंड की सरपरस्ती व सुन्नी बरैलवी सेंट्रल कमिटी के तत्वाधान में जुलूसे मोहम्मदी की तैयारी विभिन्न क्षेत्रों में पूरी कर ली गयी है। जुलूस की सफलता के लिए एदारा ए शरीया झारखंड के नाजिमे आला मौलाना कुतुबुद्दीन रिजवी, सुन्नी बरैलवी सेंट्रल कमिटी के अध्यक्ष मौलाना डा ताजुद्दीन रिजवी, महासचिव अकीलुर्रहमान और प्रवक्ता मो. इसलाम के नेतृत्व में विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर बताया कि जुलूसे मोहम्मदी को लेकर लोगों में काफी उत्साह है। शहरी और ग्रामीण क्षेत्र के विभिन्न मस्जिदों मदरसों खानकहों सहित मुस्लिम बहुल इलाकों में झंडी, बैनर, लाइट बत्ती, तोरणद्वार आदि से सजाया गया है। इसमें मुख्यतः मस्जिदे थड़पखना मस्जिद, हिंदपीढ़ी, इस्लामी मरकज अकबरिया मस्जिद, गोसुलवरा मस्जिद, मस्जिदे नूरिया गुदड़ी, कुरैशी मस्जिद कांटा टोली, मस्जिदे असरा कांटा टोली कुरैशी मोहल्ला, गढ़ा टोली, मोरहाबादी, हरमू, कांके, भीठा, पहाड़ी टोला, पुनदाग, इलाही नगर डोरंडा आदि के मस्जिद शामिल हैं। हर जगहे नात शरीफ और मिलाद की महफिल सजायी गयी है। जुलूस के स्वगत के लिए विभिन्न मुहल्लों में तरणद्वार लगाये गये हैं। जाफरिया मस्जिद कमिटी सहित विभिन्न तंजीम एदारों द्वारा चर्च रोड मेन रोड हिंदपीढ़ी, आजाद बस्ती मौलाना आजाद कालोनी, कांटा टोली डोरंडा में जुलूस के स्वागत के लिए शिविर लगाये जाने को लेकर तैयारी की गयी है सुन्नी बरेलवी सेंट्रल कमिटी रांची के महासचिव अकिलुर्रहमान प्रवक्ता मो इसलाम ने कहा कि ग्रामीण इलाकों से लेकर शहर के विभिन्न स्थानों से निकाले जाने वाले जुलूसे मोहम्मदी में विभिन्न धर्म के लोग भी जुलूस में शामिल होंगे। साथ ही साथ विभिन्न धर्मों के द्वारा भी जुलूस का विभिन्न जगहों पर स्वागत किया जायेगा। श्री रिजवी, डा. ताजुद्दीन, अकीलुर्रहमान और मो. इसलाम ने कहा कि इस वर्ष जुलूसे मोहम्मदी पूरे हर्षोल्लास के साथ आपसी सौहार्द्र और भाईचारे के साथ निकाला जायेगा।

## गिरिडीह एसपी ने कोयला तस्करों को दी तगड़ी चोट, अवैध कोयला लदे नौ ट्रक धराये, कोयला तस्करों में मचा हड़कंप

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गिरिडीह।** एसपी दीपक कुमार शर्मा के निर्देश पर कोयला माफियाओं के खिलाफ बड़ी कार्रवाई हुई है। जिले में अवैध कोयला लेकर गुजर रहे नौ ट्रकों को पुलिस ने पकड़ा है। सभी ट्रकों को दिल्ली-कोलकाता नेशनल हाइवे से पकड़ा गया है। इस मामले में एसपी दीपक कुमार शर्मा ने बताया कि सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए जिले के तीन थाना इलाके से पुलिस ने ट्रकों को पकड़ा है। निमियाघाट थाना पुलिस ने जहां दो ट्रकों को पकड़ा है, वहीं डुमरी पुलिस ने भी दो ट्रकों को पकड़ा है, जबकि बगोदर थाना क्षेत्र से पांच ट्रकों को पकड़ा गया है। वहीं एसपी दीपक कुमार शर्मा की इस कार्रवाई से अवैध तरीके से कोयला का कारोबार करनेवाले कोयला तस्करों में हड़कंप मचा हुआ है। जानकारी के अनुसार, बुधवार की सुबह एसपी दीपक कुमार शर्मा को गुप्त सूचना मिली कि धनबाद की तरफ से कोयला लदे कई ट्रक आ रहे हैं, जिन पर अवैध कोयला लदा है। ऐसे में एसपी ने डुमरी एसडीपीओ सुमित कुमार, सरिया बगोदर एसडीपीओ नौशाद आलम, निमियाघाट थाना प्रभारी साधन कुमार, डुमरी इंस्पेक्टर, बगोदर थाना प्रभारी नीतीश कुमार को नेशनल हाइवे में वाहनों की चेकिंग करने का निर्देश दिया। एसपी के निर्देश पर एसडीपीओ के साथ तीन थाना की पुलिस हाइवे पर उतरी। पुलिस ने वाहनों की जांच शुरू की, तो एक-एक कर ट्रक पकड़े जाने लगे। सबसे पहले निमियाघाट थाना क्षेत्र के पौरैया के पास दो ट्रकों को पकड़ा गया। यहां चार लोगों को हिरासत में लिया गया। यहां के बाद डुमरी पुलिस ने दो ट्रकों को पकड़ा, जबकि बगोदर पुलिस ने औरा के पास दो ट्रक, हेसला के पास दो ट्रक तो अटका के पास एक ट्रक को पकड़ा। यहां एक व्यक्ति की गिरफ्तारी हुई है। बताया जाता है कि पुलिस की कार्रवाई की भनक लगने के बाद कई माफिया, ट्रक चालक और खलासी हाइवे के किनारे ट्रक को खड़ी कर भाग निकले।

**किसी भी अपराध को छूट नहीं: एसपी**

**एसपी दीपक कुमार शर्मा ने बताया कि कोयला लदे नौ ट्रकों को पकड़ा गया है। सभी के खिलाफ कार्रवाई हो रही है। उन्होंने कहा कि किसी तरह के अपराध की छूट किसी को भी नहीं दी जायेगी।**

## सीआइपी में गर्भपात अधिकारों पर राज्य स्तरीय परामर्श

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** केंद्रीय मनोचिकित्सा संस्थान, रांची और हाशिया सोशियो-लीगल सेंटर फॉर वुमेन द्वारा संयुक्त रूप से गर्भपात अधिकारों पर राज्य स्तरीय परामर्श, अंतरराष्ट्रीय सुरक्षित गर्भपात दिवस से एक दिन पहले आयोजित किया गया, जिसमें हमारे क्षेत्र में गर्भपात अधिकारों और प्रजनन स्वास्थ्य देखभाल पहुंच के बारे में चर्चा की गयी। सीआइपी के निदेशक डॉ बासुदेब दास ने अपने उद्घाटन भाषण में सम्मानित पैनलिस्टों का स्वागत किया। इस ऐतिहासिक कार्यक्रम ने विभिन्न प्रकार के विशेषज्ञों, कार्यकर्ताओं और हितधारकों को एक साथ लाया गया, जिन्होंने खुले संवादों में भाग लिया, अंतर्दृष्टि साझा की और बेहतर गर्भपात पहुंच की वकालत की।

**परामर्श में तीन गतिशील पैनल चर्चा में शामिल थीं:**

1. गर्भपात अधिकारों की खोजः प्रतिष्ठित स्वास्थ्य देखभाल पेशेवरों और अधिवक्ताओं ने गर्भपात अधिकारों के वर्तमान परिदृश्य और प्रजनन स्वास्थ्य देखभाल में पसंद के महत्व पर अमूल्य दृष्टिकोण प्रदान किये।

2. हिरासत सेटिंग्स में गर्भपात की पहुंचः सामाजिक सुरक्षा अधिकारियों ने सुरक्षित और कानूनी गर्भपात सेवाओं तक पहुंच में जेलों, आश्रय घरों और मानसिक आश्रयों जैसी हिरासत सेटिंग्स में महिलाओं के सामने आने वाली अनूठी चुनौतियों का समाधान पर चर्चा की।

3. गर्भपात के कानूनी पहलूः कानूनी विशेषज्ञों ने हमारे देश के गर्भपात कानूनों का विश्लेषण किया, सभी व्यक्तियों की स्वायत्तता और प्रजनन अधिकारों को सुनिश्चित करने के लिए कानूनी चुनौतियों और अवसरों की जांच की। इस परामर्श के लिए कुछ प्रतिष्ठित पैनलिस्ट प्रवीण कुमार, ओएसडी, कारागृह, मनीष मिश्रा, उप सचिव, झालसा, तनुश्री सरकार, सीडब्ल्यूसी अध्यक्ष, खूंटी, डॉ श्वेता लाल, विभागाध्यक्ष, स्त्री रोग विभाग, हजारीबाग मेडिकल कॉलेज अंशुमाला कर्ण और अरुणा कुमार, सीडब्ल्यूसी रांची; प्रभात कुमार, कारागृह अधीक्षक-प्रशिक्षु; डॉ. साक्षी, संटेविटा, रांची।

### महाशक्ति दुर्गा पूजा समिति शिवाजी चौक बूटी मोड़ की नयी कार्यकारिणी की घोषणा

## पूर्व सांसद रामटहल चौधरी संरक्षक और रुद्रनारायण महतो अध्यक्ष चुने गये

**पूजा समिति इस वर्ष मना रही है रजत जयंती**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** महाशक्ति दुर्गा पूजा समिति शिवाजी चौक बूटी मोड़, रांची की वार्षिक आम बैठक बुधवार को आरटीसी हाइस्कूल के प्रांगण में रुद्रनारायण महतो की अध्यक्षता में हुई। इस वर्ष पूजा समिति हर्षोउल्लास के साथ रजत जयंती वर्ष मन रही है। बैठक में पिछले वर्ष का आय-व्यय प्रस्तुत किया गया। वहीं पिछली कार्यकारिणी को भंग कर वर्ष 2023 की नयी कार्यकारिणी का चुनाव किया गया। इसमें रामटहल चौधरी पूर्व सांसद को मुख्य संरक्षक और अध्यक्ष रुद्र नारायण महतो को चुना गया। इसके साथ ही कार्यकारी अध्यक्ष पवन यादव, वरीय उपाध्यक्ष सज्जन पंकज, श्याम गुया, सुरेंद्र गुप्ता, उपाध्यक्ष राजीव रंजन सिन्हा, जुगल किशोर ओहदार, उपेंद्र सिंह, महासचिव उमेश कामदार, कोषाध्यक्ष शंकर प्रसाद कर्ण, विनय रंजन जायसवाल, संजीत सिंह, बाबूराम मस्ती, रूपेंद्र कुमार, देवाशीष घोष, मनीष जयसवाल, संजय महतो, सुजित कुमार महतो, कुंदन कुमार, अरविंद शाह, विक्रम कुमार, मनोज ठाकुर, उपसचिव प्रदिप साहू, अरविंद सिंह, मनोज महतो, राजन श्रीवास्तव, वीरेंद्र कुमार, मीडिया प्रभारी जुगल किशोर सहित क्षेत्र के 21 गणमान्य को संरक्षक और कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया। उक्त जानकारी समिति के महासचिव उमेश कामदार ने दी।

## बच्चों ने स्वर्णरिखा नदी और इक्कीसों महादेव को बचाने की अपील की



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची ।** झारखंड की लाइफलाइन कही जाने वाली स्वर्णरिखा नदी आज शहर के प्रदूषण के कारण अत्यंत बुरी स्थिति में है। रांची शहर से होकर बहने वाली स्वर्णरिखा नदी में रांची शहर की सैंकड़ों नालियों का पानी इसी नदी में मिल रही है। चुटिया में हरमू नदी और स्वर्णरिखा नदी के संगम पर स्थित प्राचीन इक्कीसों महादेव भी इन दोनों नदियों के प्रदूषण के कारण विस्मृत हो रही है। स्वर्णरिखा नदी को प्रदूषणमुक्त करने और इक्कीसो महादेव के संरक्षित करने के उद्देश्य से बुधवार को रांची के धुर्वा स्थित ब्रिजफोर्ड स्कूल के 300 से अधिक बच्चों ने प्रधानमंत्री और राज्य के मुख्यमंत्री को पोस्टकार्ड लिखा है।

ज्ञात हो कि स्वर्णरिखा उत्थान समिति के द्वारा स्वर्णरिखा नदी को प्रदूषणमुक्त करने के लिये लगातार कई दिनों से अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान को अपना समर्थन देते हुये विद्यालय की प्राचार्य गुंजन भषीन ने कहा कि छात्रों में ऐसे सामाजिक दायित्वों का बोध हो, इसीलिए छात्रों को ऐसे अभियान में अपना योगदान देना चाहिये। उन्होंने बताया कि कक्षा 3 से 7 तक के 350 बच्चों एवं विद्यालय के 35 कर्मियों ने प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को पत्र लिखा है। इससे पहले इस अभियान की शुरूआत करने वाले सुधीर शर्मा ने छात्रों को स्वर्णरिखा नदी और इस अभियान के विषय में बताया। उन्होंने कहा कि इस अभियान को लेकर रांची और मैक्लुस्कीगंज के कई स्कूलों के बच्चों ने पोस्टकार्ड लिखा है।

## भारतीय पोस्टल का गौरवमयी इतिहास रहा है, पर आज हालत खराब है : अजय राय

**कहा- हम सभी का दायित्व बनता है कि विभाग की अच्छी स्कीम और गुणवत्ता को आम लोगों तक सहजता से उपलब्ध करायें ताकि आम लोगों का विश्वास डाक विभाग पर बढ़े**

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**रांची।** भारतीय पोस्टल एंप्लॉई यूनियन ग्रुप सी की जेनरल बोर्ड मीटिंग बुधवार को डोरंडा हेड पोस्ट ऑफिस कार्यालय सभागार में हुई। इसकी अध्यक्षता डिविजनल सचिव अरुण कुमार सिंह ने की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड पोस्टल सर्किल के चीफ पोस्टमास्टर जनरल राकेश कुमार, निदेशक आरबी चौधरी और विशिष्ट अतिथि के रूप में आइसीएल के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह भाजपा नेता अजय राय, बीएमएस के प्रदेश अध्यक्ष एसके सिंह, बीएमएस के सर्किल सचिव प्रभात रंजन, कृष्ण मुरारी प्रसाद शामिल हुए। राकेश कुमार ने कहा कि हम सभी का दायित्व बनता है की विभाग की अच्छी स्कीम व गुणवत्ता को आम लोगों तक सहजता से उपलब्ध कराये ताकि आम लोगों का विश्वास डाक विभाग पर बढ़े। इस अवसर पर अजय राय ने कहा कि भारतीय पोस्टल का एक गौरवमयी इतिहास रहा है। श्री राय ने रांची के पीएनटी कॉलोनी की दुर्दशा की ओर चीफ पोस्टमास्टर जनरल का ध्यान आकर्षित कराया।

## कैंबो पंचायत में करम, इंद, जितिया जतरा का किया गया भव्य आयोजन

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**मांडर।** मांडर प्रखंड के कैंबो पंचायत अंतर्गत सरगांव ग्राम में 21 पड़हा के तत्वावधान में मंगलवार को करम, इंद, जितिया, जतरा का भव्य आयोजन किया गया। जतरा का शुभारंभ पहान सनया उरांव महतो, सोमरा उरांव, पईनभोरा मुंडा उरांव के अगुवाई में विधिवत तरीके से अपने इष्ट देवता, ग्राम देवता के नाम से रंगुवा, चरका और तांबी तीन मुर्गे की बलि देकर किया गया। मुख्य अतिथि जनजाति सुरक्षा मंच के प्रदेश सह संयोजक मेघा उरांव, विशिष्ट अतिथि जनजाति सुरक्षा मंच के प्रदेश सदस्य सन्नी उरांव, मिडिया प्रभारी हिंदुवा उरांव, राजू उरांव शामिल हुए। मेघा उरांव ने कहा कि जतरा हमारे पूर्वजों का एक अनमोल धरोहर है। इस धरोहर और परंपरा को बचाकर रखना हम सबों का कर्तव्य है। जतरा से ही हम संपूर्ण आदिवासी जनजातियों की संस्कृति की झलक दिखती है। संस्कृति से खिलवाड़ करने वाले को बक्शा नहीं जायेगा। इस दौरान मांडर प्रखंड के चलियो मुरजूली, आर देवर, चलियो खक्सी टोली, पाहन टाटी कैंबो बिजूपाड़ा, दमदमा रानीचाचो सहित कई गांव के खोड़हा नृत्य दल बाजे गाजे के साथ शामिल हुए। जतरा का सफल संचालन में जेना उरांव, गरिवा उरांव, जावा उरांव, सकेत उरांव, पंचम उरांव, जतरू उरांव आदि का प्रमुख भूमिका रहा।

## लोकेश मिश्रा की अध्यक्षता में जिला समन्वय समिति की हुई बैठक, दिये कई निर्देश

# उलिहातू में हर सप्ताह लगायें चिकित्सा शिविर: डीसी

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** समाहरणालय सभागार में बुधवार को डीसी लोकेश मिश्र की अध्यक्षता में विकास से संबंधित जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक हुई। जिसमें डीसी ने कल्याण विभाग, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, भूमि सुधार, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, कृषि, आपूर्ति, विद्युत, समाज कल्याण, पशुपालन आदि विभागों से संबंधित कार्यों की बिंदुवार समीक्षा की। इस दौरान सभी पात्र लाभुकों को लाभावित करने का निर्देश दिया। साथ ही आ रही समस्याओं का त्वरित निष्पादन करने का निर्देश दिया। डीसी ने कहा कि हमारी प्राथमिकता है कि जिला अंतर्गत स्वास्थ्य, समाज कल्याण, कृषि व शिक्षा के क्षेत्र में विकासशील कार्य किए जाएं। उन्होंने सभी पदाधिकारियों को अपने स्तर से गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। कहा कि उलिहातू के विकास को लेकर उचित एक्शन प्लान के अनुसार कार्य ससमय पूर्ण किए जाने हैं। डीसी ने उलीहातु में प्रत्येक सप्ताह स्वास्थ्य कैंप एवं अन्य विभागों द्वारा कैंप लगाकर लोगों को योजनाओं से लाभावित करने के साथ ही पांच अक्टूबर को उलीहातु टास्क फोर्स की बैठक आयोजित करने का निर्देश दिया। डीसी ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को अपने संबंधित क्षेत्र में संचालित योजनाओं का पूर्ण अनुश्रवण करने का निर्देश दिया। कहा कि सभी विद्यालयों का निरीक्षण किया जाना आवश्यक है। उन्होंने जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं जिला शिक्षा अधीक्षक को अपने स्तर से ई विद्यावाहिनी की जांच करने का निर्देश दिया। इसके अतिरिक्त सामाजिक सुरक्षा पेंशन, कल्याण विभाग के अंतर्गत बच्चों का खाता खोलना, छात्रवृत्ति, पोशाक वितरण, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना, मनरेगा के अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं, पीएम आवास, इंदिरा आवास, बाबा साहब भीमराव अंबेडकर आवास, पीडी जेनरेशन, जॉब कार्ड, आवास प्लस, बिरसा हरित ग्राम योजना सहित अन्य योजनाओं की समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। डीसी ने कहा कि सभी को सहयोग एवं समन्वय के साथ कार्य करने की आवश्यकता है। पारदर्शिता एवं सुनियोजित तरीके से योजनाओं का क्रियान्वयन सुनिश्चित कराएं, ताकि सभी योग्य लोगों को इसका लाभ मिल सके।



समाहरणालय में अधिकारियों के साथ बैठक करते डीसी लोकेश मिश्रा।

### सभी लंबित योजनाओं को समय पर पूरा करायें अधिकारी : लोकेश

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** डीसी सह डीएमएफटी के अध्यक्ष लोकेश मिश्र की अध्यक्षता में न्यास परिषद और प्रबंधकीय समिति, जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट की बैठक बुधवार को समहरणालय सभागार में हुई। जिसमें जिला परिषद अध्यक्ष मसीह गुड़िया, उप विकास आयुक्त और अन्य अधिकारी उपस्थित थे। इस दौरान डीसी ने विभिन्न योजनाओं के तहत किये जा रहे कार्यो के अद्यतन स्थिति की जानकारी ली और संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये, ताकि खनिज प्रभावित उन क्षेत्रों में वहां के परिवेश के अनुसार योजनाओं का चयन किया जाय और सही विकास हो सके। इस दौरान पूर्व की बैठक के निर्णयों की समीक्षा, जनप्रतिनिधियों के प्रस्तावों, वर्तमान में संचालित योजनाओं की समीक्षा और वर्तमान वित्तीय वर्ष में प्रस्तावित योजनाओं की उपयोगिता पर चर्चा की गई। डीसी ने समीक्षा के क्रम में निर्देश दिया कि सदर अस्पताल के एंबुलेंस को पूर्ण रूप से क्रियाशील किया जाय। डीएमएफटी के माध्यम से चयनित होनेवाली योजनाओं में से शिक्षा, स्वास्थ्य और लोकहित की महत्वपूर्ण योजनाओं को ही प्राथमिकता में रखने का निर्देश दिया। प्राथमिक स्तर पर वार्षिक कार्य योजना का प्रस्ताव तैयार करने और उसी के अनुरूप ग्राम सभा से योजनाओं को चयनित करते हुए प्रस्ताव रखने का निर्देश दिया गया। डीएमएफटी की संचालित योजनाओं को समय पर पूर्ण करने, विलंब से चल रही योजनाओं में तेजी लाने का निर्देश दिया।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### हार्ट अटैक से पूर्व मुखिया किशोर भगत का निधन



**तमाड़/रड़गांव (आजाद सिपाही)।** तमाड़ प्रखंड के मल्हान भूइंयाडीह पंचायत के पूर्व मुखिया किशोर कुमार भगत का बुधवार की सुबह हाट अटैक से निधन हो गया। जानकारी के अनुसार मंगलवार को कर्मा पूजा के शुभ अवसर पर धूम धाम से कर्मा पूजा मनाने के बाद इस दिन अहले सुबह प्रातः भ्रमण को निकले थे। घर वापसी के समय घर से कुछ दूरी पर अचानक गिरकर बेहोश हो गए। स्थानीय लोगों व परिजनों की मदद से आनन-फानन में उन्हें रांची अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। शाम को ही उनका अंतिम संस्कार किया गया। किशोर भगत 2015 में मलहान भूइंयाडीह से मुखिया निर्वाचित हुए थे। किशोर कुमार भगत 2019 में तृणमूल कांग्रेस के बैनर तले तमाड़ विधानसभा का चुनाव भी लड़े थे।

### स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत सीसीएल ने स्कूलों में बांटा स्वच्छता कीट



**खलारी (आजाद सिपाही)।** स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत सीसीएल एनके एरिया की ओर से बुधवार को सीएसआर के तह्त क्षेत्र के तीन स्कूलों में स्वच्छता शपथ दिलाई गई। साथ ही स्वच्छता किट का वितरण भी किया गया। विद्यासागर प्राथमिक विद्यालय, सेंट्रल केजी स्कूल और राजकीयकृत मध्य विद्यालय डकरा में प्रार्थना सभा में छात्र-छात्राओं को स्वच्छता का शपथ दिलाया गया। इसके बाद इन विद्यालयों को स्वच्छता संबंधित सामग्री जैसे झाड़ू, फिनाइल, हार्पिक और हैंड ग्लव्स प्रदान दिया गया। सीएसआर अधिकारी निखिल अखोरी ने बताया कि कोयला मंत्रालय के निर्देश पर सीसीएल के सभी क्षेत्रों में 15 सितंबर से 2 अक्टूबर तक स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें स्वच्छता को लेकर जागरूकता बढ़ाने को लेकर कई तरह के कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं।

### राहे में हाथियों का उत्पात, धान की फसल किया नष्ट

**राहे (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के होटलो पंचायत अंतर्गत फुलवार और बेहरबेड़ा गांव में मंगलवार की रात जंगली हाथियों ने जमकर उत्पात मचाया। तैयार हो रहे धान को खाकर व रौंदकर नष्ट कर दिया। किसान गिरिधारी महतो, लालदेव महतो, दिलेश्वर महतो, विजय सिंह, देवनारायण सिंह, धनजंय महतो, धीरेंद्र महतो, शिवेश्वर महतो, सच्चिदानंद महतो, चौधरी महतो और टुनी देवी के धान की फसल को हाथियों ने रौंद दिया है। किसानों ने वन विभाग को सूचना देकर मुआवजा की मांग की है। मालूम हो कि 40 से अधिक हाथियों का झुंड बुंडू वन क्षेत्र से राहे की ओर प्रवेश कर रहा है।

## कम राशन देने पर लाभुकों ने किया डीलर के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन



**ईचागढ़ (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के आदारडीह गांव में बुधवार को आदारडीह के ग्रामीणों ने राशन डीलर द्वारा कम राशन देने के खिलाफ उनके घर के बाहर प्रदर्शन किया। आरोप लगाया कि दो महीने की जगह डीलर द्वारा एक महीने का ही राशन दिया जा रहा है। इस कारण कार्डधारी कम राशन लेने से इन्कार कर दिये हैं। डीलर की आनाकानी करने पर गांव के करीब 300 महिला पुरुष ने डीलर के घर पर प्रदर्शन कर दो महीने का राशन देने की मांग की है। वहीं ईचागढ़ प्रखंड के उपप्रमुख दीपक कुमार साव ने कहा कि लोगों से लगातार शिकायत मिल रही थी कि अगस्त एवं सितंबर महीने का राशन डीलर नहीं दे रहा है, जबकि दो महीने का अंगूठा लगाकर रसीद निकाल दिया था। ग्रामीणों ने कहा कि अगस्त महीने का राशन नहीं मिला। उपप्रमुख ने कहा कि एमओ और ईचागढ़ बीडीओ से इस मामले पर बात भी की है। उन्होंने कहा कि आश्वासन मिला है जल्द ही डीलर द्वारा राशन का भुगतान किया जाएगा। ग्रामीणों ने इस मामले को लिखित शिकायत भी किया। एमओ ने तीन दिन के अंदर डीलर को राशन देने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि तीन दिन के अंदर बीना कटौती किए पूरे दो महीने का राशन कार्ड धारियों को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है। इस मौके पर उपमुखिया प्रतिनिधि सुखदेव साव, ग्राम प्रधान शिवराम महतो, संजय महतो, काशीनाथ महतो, वीरेन महतो, कानगुराम महतो, अघनू महतो, मोहनलाल महतो, बजेन्द्र महतो, सुषेन कालिंदी,हेंमत कुमार महतो, अशोक महतो, कार्तिक महतो सहित सैकड़ों महिलाएं एवं पुरुष उपस्थित थे।

## भगवान बिरसा मुंडा हमारे प्रेणास्त्रोत : सुदेश महतो

आजाद सिपाही संवाददाता

**सोनाहातू।** प्रखंड परिसर में बुधवार को प्रशासन की ओर से भगवान बिरसा मुंडा की आदमकद प्रतिमा का विधिवत अनावरण सिल्ली विधायक सुदेश महतो ने किया। उन्होंने कहा कि परिसर में बिरसा मुंडा की प्रतिमा हमें ताकत देगी। विपरीत परिस्थितियों का सामना करने को प्रेरित करेगा। उनके जीवन के उद्देश्य यथार्थ को स्थापित करना ही भगवान बिरसा का सम्मान होगा। बिरसा नाम ही ऊर्जा का स्त्रोत है। बिरसा प्रतिमा हमें शोषण,अत्याचार के विरोध में लड़ने की शक्ति प्रदान करेगा। इस क्रम में प्रखंड के जिला परिषद सदस्य, पूर्व सदस्य, प्रमुख, उपप्रमुख, मुखिया, पंचायत समिति, वार्ड सदस्य, ग्रामप्रधान आदि को अंग वस्त्र देकर सम्म्मनित किया गया। मौके पर प्रमुख विक्टोरिया देवी, जिला परिषद सदस्य मंजू सिंह मुंडा, बीडीओ सुचित्रा मिंज,सीओ प्यारेलाल, उपप्रमुख सबिता देवी, मुखिया विकास सिंह मुंडा, मनोज सिंह मुंडा, सावना महली, सुनील सिंह, तारणी सिंह मुंडा, चितरंजन महतो, सुशेन प्रामाणिक सहित मुखिया, ग्रामप्रधान, पंचायत समिति सदस्य,वार्ड सदस्य,प्रखंड के अधिकारी व कर्मचारी आदि मौजूद थे।



### कोयलांचल में आज निकाला जायेगा जुलूस ए मोहम्मदी

**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल व आस पास के ग्रामीण इलाकों में ईद मिलाद उन नबी के मौके पर गुरुवार को जुलूस ए मोहम्मदी निकाली जाएगी, जिसकी सारी तैयारी पूरी कर ली गई है। जानकारी के अनुसार ईद मिलाद उन नबी के मौके पर बचरा, राय, पुरानीराय, कल्याणपुर न्यू मंगरदाहा और बहेरा में कई कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। वहीं, सुबह में जुलूस ए मोहम्मदी निकाला जाएगा। बचरा में सुबह 7 बजे जुलूस निकाला जाएगा, जो पूरे इलाके का भ्रमण करेगा। रात्रि में जलसा का आयोजन किया गया है। इसके अलावा क्षेत्र के अन्य जगहों में भी सुबह में जुलूस ऐ मोहम्मदी निकाला जाएगा।

## मैकलुस्कीगंज को मिला बेस्ट टूरिस्ट गांव का पुरस्कार



आजाद सिपाही संवाददाता

**मैकलुस्कीगंज।** भारत का एकमात्र एंग्लोइंडियन गांव मैकलुस्कीगंज, को बेस्ट टूरिस्ट गांव का पुरस्कार प्राप्त हुआ है। यह पुरस्कार पर्यटन विभाग के सचिव वी विद्यापति ने झारखंड एंग्लोइंडियन सोसाइटी की ओर से प्रतिनिधित्व कर रहे मैकलुस्कीगंज निवासी एसली जॉन गोम्स को दिया है। भारत सरकार के पर्यटन विभाग द्वारा आहूत एक विशेष बैठक में झारखंड की ओर से शिरकत करते हुए एसली जॉन गोम्स ने मैकलुस्कीगंज के बारे में विस्तार से अपनी बात रखते हुए पर्यटकों का मैकलुस्कीगंज के प्रति रुझान बढ़े, कई विंदुओं पर बताते हुए कार्यरूप देने का आग्रह भी किया। पर्यटन विभाग द्वारा मैकलुस्कीगंज को सम्मानित करने पर कई लोगों ने हर्ष व्यक्त किया है। इसमें शेखर बोस, मैल्कम होरीगन, दीपक राणा,कमल मुंडा, आरके प्रसाद, बसंत कुमार पंकज, गोपी चौरसिया, रोहित कुमार लपरा मुखिया पुतुल देवी आदि शामिल हैं।

### स्वच्छता पखवाड़ा के तहत विभिन्न स्कूलों में आयोजित हुई पेंटिंग प्रतियोगिता



**बुंडू (आजाद सिपाही)।** नगर पंचायत बुंडू की ओर से बुधवार को स्वच्छता पखवाड़ा (15 सितंबर-2 अक्टूबर) के तहत विभिन्न स्कूलों में पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन के साथ ही स्वच्छता सर्वेक्षण 2022-23 में उत्कृष्ट कर्मियों को अनुमंडल पदाधिकारी अजय साव एवं बुंडू नगर पंचायत के प्रशासक शुभम पोद्दार की ओर से प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर नगर प्रबंधक अनूप कुमार, महफूर्जुर रहमान, नगर मिशन प्रबंधक मुकेश कुमार सिंह, सीएलटीसी विभा सिंह, कार्यालय कर्मी संदीप शर्मा, दिनेश भगत, राहुल लाहिरी सिद्धार्थ, विद प्रदीप दास और उमेश सेठ आदि मौजूद थे। वहीं, बुंडू प्रखंड में सेवा पखवाड़ा के तहत प्रखंड संसाधन केंद्र बुंडू में विभिन्न स्कूलों के बच्चों की आंखों की जांच की गई और उन्हें चश्मा दिया गया। इस अवसर पर बुंडू डीईईओ रहमत अली, बीपीओ अनवर हुसैन, सदानंद महतो और कमरू जमा आदि उपस्थित थे।

### बुंडू प्रखंड के चुरगी पंचायत के चुनिंदा गांव में आजादी के 75 साल बाद भी नहीं पहुंची बिजली

**टायमारा/बुंडू (आजाद सिपाही)।** बुंडू प्रखंड के चुरगी पंचायत के चुनिंदा गाव में आजादी के बाद भी आज तक बिजली नहीं पहुंच सकी है। यहां के लोग अभी भी डीबरी युग में जीने को मजबूर है। इस गांव में केंद्र और राज्य सरकार की आज तक नजर नहीं पड़ी है। राजीव गांधी विद्युतिकरण योजना के तहत हर घर में बिजली देने की योजना फेल सावित हो रही है। यहां 40-45 घर है। ज़िला परिषद सदस्य परमेश्वरी साडिल ने रांची डीसी और डीडीसी को लिखित जानकारी दी है। फिर भी आज तक यह गांव अंधेरे है। ग्रामीणों ने चुरगी में हुई जनता दरबार में भी लिखित जानकारी दी। ग्रामीणों को बीडीओ ने आश्वासन भी दिया लेकिन अब तक कोई पहल नहीं हुई है। अब तो लोग खुद को ठगा महसूस कर रहे हैं। जबकि इस गांव के बगल के गांव पंसकाम व दाशम फल में बिजली है। मात्र 28 पोल लगाने की जरूरत है, लेकिन विभाग गहरी नींद में सोया हुआ है। बिजली के बिना पढ़ने लिखने वाले बच्चे बच्चियों को काफी दिक्कतें का सामना करना पड़ता है। वे दिन में ही सूर्य की रौशनी में पढ़ाई करते हैं। शाम होते ही आदिम युग में चले जाते है। संचार के साधन से काफी दूर है। यहां के लोग देश व दुनिया से पिछे है यहां के लोगों की आस जगी थी कि अब तो हमारी सरकार है। पर निराशा ही हाथ लगी

### सोनाहातू में 52 दिव्यांग को दी गयी सहायता सामग्री



**सोनाहातू (आजाद सिपाही)।** समग्र शिक्षा कार्यक्रम के तहत समावेशी शिक्षा के अंतर्गत 3 वर्ष से 18 वर्ष के दिव्यांग बच्चों के लिए बीआरसी भवन में जांच शिविर का आयोजन किया गया। जांच के बाद 52 दिव्यांग के बीच उपकरण दिया गया। जिसमें सीपी चेयर 8, ट्राई साइकिल मिनी 6, ट्राई साइकिल 1, आंख के लिये 2, जूता -4, बैसाखी -2, कान मशीन 9, रोलेटर 2 और एमआर किट-19 वितरण किया गया। इस कार्यक्रम मंजू सिंह मुंडा, विक्टोरिया देवी, सबिता देवी, बारुहातु और हरिन पंचायत समिति सदस्या, प्रवीण कुमार, इंद्रजीत बैठा, बेला लिंडा, दीनानाथ महतो और प्रतिमा कुमारी आदि मौजूद थे।

### राहे में मनायी गयी शहीद भगत सिंह की जयंती

**राहे (आजाद सिपाही)।** झारखंड राज्य किसान सभा की ओर से शहीद भगत सिंह की जयंती राहे के भगतसिंह चौक में मनायी गयी। शहीद भगतसिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गयी।

## जिला स्तरीय राष्ट्रीय पोषण माह के समापन समारोह का आयोजन

# सुपोषित, साक्षर और समृद्ध झारखंड की परिकल्पना को साकार करें: मसीह गुड़िया

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** समाज कल्याण विभाग की ओर से आयोजित जिला स्तरीय राष्ट्रीय पोषण माह के समापन समारोह का आयोजन बुधवार को खूंटी के आदर्श कन्या मध्य विद्यालय के सभागार में किया गया। जिसका उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि जिला परिषद अध्यक्ष मसीह गुड़िया, उपाध्यक्ष मंजू देवी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सहित अन्य अधिकारियों ने संयुक्त रूप से किया। जिला परिषद अध्यक्ष ने कहा कि पोषण माह के दौरान आंगनबाड़ी केंद्रों की सेविकाएं और सहायिकाओं द्वारा पोषण संबंधित विविध गतिविधियों का आयोजन कर आंगनबाड़ी केंद्रों पर अधिक से अधिक संख्या में माताओं, किशोरियों और बच्चों को पोषण से संबंधित जानकारियां देकर सराहनीय कार्य किया गया। उन्होंने कहा कि सुपोषित झारखंड, साक्षर झारखंड, समृद्ध झारखंड की परिकल्पना को साकार करने की दिशा में आंगनबाडी केंद्रों की सेविकाएं और सहायिकाओं द्वारा महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जा रही है। उन्होंने कहा कि बच्चे देश के भविष्य हैं। उनके सुनहरे भविष्य के लिए माता-पिता को चाहिए कि सही पोषण और शिक्षा पर विशेष ध्यान रखें। जिला परिषद उपाध्यक्ष मंजू देवी ने कहा कि मां का दूध बच्चों के लिए अमृत तुल्य होता है। उन्होंने कहा कि बीमारियों से निजात पाने के लिए हमलोगों को अपने खान-पान विशेष ध्यान रखना चाहिए। उन्होंने गर्भवती महिलाओं के लिए सुनहरे एक हजार दिन की चर्चा करते हुए कहा कि किसी भी बच्चे के लिए 1000 दिन काफी महत्वपूर्ण होते हैं। जन्म से पूर्व नौ महीने और जन्म के बाद दो वर्ष अति महत्वपूर्ण होते हैं। इस 1000 दिनों में माता एवं बच्चों के पोषण पर ध्यान रखना अति आवश्यक होता है। इसकी शुरूआत गर्भधारण से ही प्रारंभ होती है, जब माताओं को अपना चेकअप करना एवं अपने बच्चे के विकास पर विशेष ध्यान देना होता है। साथ ही चिकित्सक की सलाह लेना भी जरूरी होता है। उन्होंने बताया कि प्रथम छह महीने माता का दूध बच्चे के विकास लिए सर्वोत्तम होता है। बच्चे के जन्म के तीन वर्ष तक उसे घर का खाना उपलब्ध कराया जाता है। इसके बाद आंगनबाड़ी केंद्र में उसका नामांकन कराया जाता है। इसके जरिए बच्चे को उचित पौष्टिक आहार दिया जाता है। समापन समारोह में विभिन्न प्रखंड के बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, आंगनबाडी केन्द्रों की सहायिका आदि उपस्थित थीं।



### बचरा डीएवी पब्लिक स्कूल में पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन

**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा में बुधवार को स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें स्कूल के कक्षा तीन से सात तक के कुल 60 बच्चों ने भाग लिया। स्वच्छता ही सेवा और कचरा मुक्त भारत विषय पर आयोजित इस प्रतियोगिता में स्कूल के बच्चों ने एक से बढ़कर एक पेंटिंग बनाकर उसकी प्रदर्शनी लगायी। स्कूल के शिक्षक एसके पांडेय की देख रेख में प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्राचार्य राजीव रंजन झा ने कहा कि समय-समय पर इस तरह के प्रतियोगिता का आयोजन होने से बच्चों का मनोबल बढ़ता है। बच्चे इस तरह के प्रतियोगिता में उत्साह के साथ भाग लेते हैं। उन्होंने प्रतियोगिता में शामिल सभी बच्चों को बधाई देते हुए आगे भी स्कूल में आयोजित होने वाले इस तरह के प्रतियोगिता में बढ़ चढ़कर भाग लेने और बेहतर प्रदर्शन कर अपने स्कूल और क्षेत्र का नाम रोशन करने की अपील की।

### पिपरवार के कल्याणपुर में आठ अक्टूबर से आयोजित होगा तीन दिवसीय जितिया मेला

**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के कल्याणपूर सरना क्लब प्रागंण में बुधवार को जितिया जतरा मेला समिति की बैटक हुई। जिसकी अध्यक्षता फूलदेव टाना भगत और संचालन क्यूम अंसारी ने किया। बैठक में 8 से 10 अक्टूबर तक कल्याणपुर में ऐतिहासिक जितिया जतरा मेला का आयोजन करने का निर्णय लिया गया। बैठक में मेला को सफल बनाने के लिए संचालन सह शांति समिति का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष फूलदेव टाना भगत, उपाध्यक्ष निर्मल उरांव, सचिव बालेश्वर उरांव, उप सचिव बालकन्त उरांव, कोषाध्यक्ष मनेश्वर भगत, उप कोषाध्यक्ष अरूण उरांव को बनाया गया। वहीं, टंडवा प्रमुख रीना कुमारी, फूलचंद टाना भगत, अलेकजेण्डर तिग्गा, धनेश्वर गंझु, क्यूम अंसारी, नागेश्वर महतो, रमेश मुंडा, शिवशंकर साव, विनोद पासवान, पंकज दास, कासिम उर्फ मुन्ना को संरक्षक बनाया गया। कई लोगों को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया। वही शांति समिति में अध्यक्ष टिकेश्वर महतो, उपाध्यक्ष सावित्री टाना भगत, बहेरा मुखिया रेखा देवी, पसंस बंसती देवी, छोटू गंझु, सचिव गौरी देवी, सह सचिव अंगद महतो, सुरेश करमाली, मधुलता देवी, इदरीस अंसारी, दिनेश टाना भगत, अनिमा कुजुर को बनाया गया।

## 27 दिनों बाद जब यह खबर सुर्खियों में आयी तो स्थानीय प्रशासन हुआ एक्टिव

# गायब बिरहोर दंपति को खोजने में जुटी आरपीएफ और अनगड़ा पुलिस

**मुख्यमंत्री के निर्देश पर लापता बिरहोर माता-पिता की दो बेटियों का स्कूल में हुआ नामांकन**

नसीम अहमद सानी



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश के बाद अनगड़ा के पहाड़सिंह बिरहोर टोली निवासी छह वर्षीय सुनीता कुमारी एवं पांच वर्षीय पार्वती कुमारी का नामांकन अनुसूचित जनजाति बालिका आवासीय विद्यालय तमाड़ के कक्षा एक में कराया गया है। मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद जिला कल्याण पदाधिकारी संगीता शरण को पूरे मामले पर नजर रखने का आदेश अधिकारियों द्वारा दिया गया है।

राजधानी रांची से तकरीबन 45 किमी दूर रहने वाले आदिम जनजाति (पीजीबीटी) समुदाय का यह बिरहोर दंपति 27 दिनों से लापता है।

मामला मीडिया की सुर्खियों में आने के बाद झारखण्ड पुलिस सक्रिय हुई। रेल प्रशासन भी लापता दंपति को खोजने का प्रयास में जुटा है। वहीं कई संगठनों की ओर से दोनों बच्चियों की पढ़ाई के लिए वित्तीय मदद की पेशकश की गई है। दोनों बच्चियों के संघर्ष की कहानी प्रकाश में आने के बाद प्रशासन की ओर से इस बिरहोर बस्ती में रहने वाले सभी परिवारों के आर्थिक सामाजिक विकास की दिशा में सार्थक पहल का भरोसा दिलाया गया है।

**डीडब्लूओ ने खुद बोर्डिंग स्कूल में कराया एडमिशन :** सूचना मिलने के बाद जिला कल्याण पदाधिकारी खुद थाना पहुंची। दोनों सगी बहनों के लिए ड्रेस की व्यवस्था की गई। कई दिनों से भरपेट भोजन नहीं कर पायी बच्चियों को खाना खिलाया गया। फिर जिला कल्याण पदाधिकारी खुद उन्हें अपने साथ लेकर तमाड़ स्थित बालिका आवासीय विद्यालय पहुंची। इस स्कूल का संचालन कल्याण विभाग की ओर से किया जाता है। कल्याण पदाधिकारी ने अभिभावक बनकर खुद बच्चियों का नामांकन स्कूल में कराया। इस तरह दोनों बहनें पहली स्कूल पहुंची।

**बोर्डिंग स्कूल पहुंचने पर सगी बहनों के चेहरे पर दिखी मुस्कान :** माता पिता के बिना जंगलों के बीच अकेले भय के वातावरण में रह रही दोनों बच्चियां जब स्कूल पहुंची तो उनके चेहरे पर मुस्कान नजर आयी। शुरू में दोनों डरी-सहमी सी लग रही थी। लेकिन वहां अन्य बच्चियों को अपने साथ देखकर उनका भय काफी कम हुआ। बाद में शिक्षकों और अन्य बच्चियों ने भी सहयोग का भरोसा दिलाया।

### बिरहोर बस्ती में रहने वाले परिवारों की बदलेगी किस्मत

प्रशासन की ओर से इस बिरहोर बस्ती में रहने वाले करीब 55 परिवारों के आर्थिक-सामाजिक विकास के लिए आवश्यक पहल करने का भरोसा दिलाया गया है। अनगड़ा बीडीओ उत्तम प्रसाद ने बताया कि पहाड़सिंह में रहने वाले परिवारों को पहले भी कई योजनाओं का लाभ दिया गया है। उन्होंने कहा कि बिरहोर जनजाति के सदस्य स्वभाव से काफी संकोची होते हैं। उनके मन के अंदर बने डर-भय को समाप्त कर कई अन्य योजनाओं का लाभ दिलाया जाएगा। इस संबंध में वरीय अधिकारियों से संपर्क करने की कोशिश की जा रही है।

## गेतलसूद डैम में मछली पालन के लिए बने केज कल्चर से करीब 10 क्विंटल मछली की हुई चोरी



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के गांधीग्राम के पास गेतलसूद डैम में मछली पालन के लिए बनाए गये केज कल्चर से मंगलवार की रात अज्ञात चोरों ने करीब 10 क्विंटल मछली गायब कर दिया। इस केज का संचालन युवा जागृति समूह गांधीग्राम द्वारा किया जाता है। केज में कुल 8 शेल हैं जिसमें एक शेल पर तैयार बड़ी मछलियों को छांट कर संग्रहित किया गया था। चोरों नें छांट कर अलग रखे गए मछलियों को निशाना बनाया। चोरी की सूचना मिलने के बाद समूह के सभी सदस्यों नें केज का निरीक्षण किया। इस दौरान पाया कि जाली को खोलकर मछलियां गायब की गई। चोरों नें इस दौरान केज को क्षति भी पहुंचाई है। चोरी की इस घटना के बाद समूह के सदस्यों ने निर्णय लिया कि अब नियमित केज की देखरेख की जाएगी। हर रात एक अलग टीम बनाकर पहरेदारी किया जाएगा तथा सीसीटीवी कैमरा लगाकर इसकी निगरानी की जाएगी। समूह के अध्यक्ष संतोष कुमार ने बताया कि अपने स्तर से चोरी का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है। इसको लेकर रांची, ध्रुवा, सिकिदीरी, ओरमांझी, अनगड़ा आदि क्षेत्र के मछली कारोबारियों से संर्पक किया जा रहा है। मौके पर मदन बैठा, सुनील उरांव, बबलु करमाली, रोहित नायक, कुलेश्वर मुण्डा, रिंकु नायक, डब्लु महतो, जगु उरांव, छोटू बैठा, प्रकाश रजक, संजय करमाली, पिंटू बैठा, आनंद उरांव, राजेश मुण्डा आदि मौजूद थे।

## आइसीडीएस अनगड़ा में पोषण माह का आयोजन, हुई गोद भराई की रस्म



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** बाल विकास परियोजना अनगड़ा में बुधवार को पोषण माह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर गर्भवती महिलाओं को चुनरी ओढ़ाकर और टीका लगाकर महिलाओं की गोद भराई की रस्म भी पूरी की गई। इस कार्यक्रम में क्षेत्र की गर्भवती महिलाओं सहित अन्य महिलाओं ने भाग लिया। मौके पर गर्भवती महिलाओं को अच्छे सेहत के लिए पोषण की आवश्यकता व महत्व के बारे में जानकारी दी गई। इस अवसर पर पोषक तत्वों से परिपूर्ण साग-सब्जी, दलहन, फल सहित पारंपरिक खाद्य पदार्थों की प्रदर्शनी भी लगायी गई थी। मौके पर प्रमुख दीपा उरांव, जिप सदस्य अनुराधा मुण्डा, सांसद प्रतिनिधि कामेश्वर महतो, सीडीपीओ रेणुका कुमारी, बीएचओ सेवा पालित, डालसा सदस्य बेबी कुमारी सहित महिला पर्यवेक्षिकाएं व अन्य मौजूद थे।

## इंद मेला झारखंड की धरोहर है : राम टहल चौधरी



**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** ओरमांझी के गांगु टोला में इन्द मेला का आयोजन किया गया। मेला में भगवान इन्द्र की पूजा पूरे विधि विधान से उपासक अशोक तिवारी को नीरज पाण्डे के द्वारा करायी गयी। मेला का विधिवत शुभारंभ पूर्व सांसद राम टहल चौधरी, पूर्व विधायक राम कुमार पाहन, भाजपा के जैलेन्द्र कुमार, पूजा समिति के संरक्षक लालू उर्फ जय गोविंद साहू, अध्यक्ष शिव नारायण साहू व सचिव नोना पाहन के द्वारा फीता काट कर किया गया। मेला में संबोधित करते हुए पूर्व सांसद राम टहल चौधरी ने कहा कि मेला झारखंड की धरोहर है। इसमें भव्यता लाने की आवश्यकता है। मेले को पूर्व खिजरी विधायक व जैलेंद्र कुमार ने भी संबोधित किया। मेला में नागपुरी आर्केस्ट्रा का आयोजन किया गया था। सुनिल नायक टीम के नागपुरी गायक पवन, विवेक नायक व टीम ने अपने गानों से दर्शकों को नाचने पर मजबूर कर दिया। मेले के सफल आयोजन में संरक्षक जय गोविंद साहू, अध्यक्ष शिव नारायण साहू, सचिव नोना पाहन, कोषाध्यक्ष संतोष साहू, मीडिया प्रभारी कृष्णा पाहन, उप कोषाध्यक्ष दश रथ पाहन, उप सचिव अर्जुन साहू, गोपाल मुंडा, उपाध्यक्ष सुनिल मुंडा,अरुण साहू, राजू मुंडा, नेपाल मुंडा, विकी मुंडा, भानू साहू, परमेश्वर साहू, अवधेश साहू,नरेश तिवारी, मुकेश मुंडा आदि का योगदान रहा।

## विधायक ने सड़क निर्माण का किया शिलान्यास



**लापुंग (आजाद सिपाही)।** लापुंग प्रखंड अंतर्गत ग्राम पोला मे ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत पोला सेवन डे स्कूल से नदी टोली होते हुए ककरिया मुख्य पथ तक (लगभग 3 किमी.) पथ निर्माण का शिलान्यास विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने किया। यह सड़क लगभग 2 करोड़ 72 लाख के लागत से बनाया जाना है। यह सड़क दो गाँवो को आपस मे जोड़ेगी। वहीं दूसरी ओर कोयसारा व उनीकेल में सरना स्थल घेराबंदी का भी शिलान्यास किया मौके पर जिप सदस्य हिंदीया टोप्पो, ,पुर्व मुखिया गंगाधर साहु , मनोज साहु, राज कमल गोप विधायक प्रतिनिधि जन्मेजय पाठक, देवेन्द्र वर्मा, संतोष तिर्की, जयंत बारला, सुदामा महली, प्रकाश राम समेत कई लोग मौजूद रहे।

## उषा मार्टिन फाउंडेशन ने लगाया आयुर्वेद चिकित्सा सह नेत्र जांच शिविर

**20 मरीजों जांच तथा 25 मरीजों के बीच निःशुल्क चश्मा वितरित किया गया**

आजाद सिपाही संवाददाता




**अनगड़ा।** शालिनी अस्पताल एवं उषा मार्टिन फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को टाटीसिलवे के हरातु गांव में आयुर्वेद चिकित्सा सह नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में डॉक्टर वैद्य संतोष मिश्रा एवं नेत्र सहायक मुकेश कुमार व भारती कुमारी द्वारा लगभग 120 मरीजों की जांच की गई तथा उनके बीच दवा का वितरण किया गया। मौके पर मुखिया नूतन पहान ने कहा कि आयुर्वेद चिकित्सा के माध्यम से इलाज से भारतीय चिकित्सा पद्धति को बढ़ावा मिलेगा। वैद्य संतोष मिश्रा ने लोगों को आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति के बारे में विस्तार से बताया तथा चिकित्सा परामर्श दिया। शालिनी अस्पताल के प्रबंधक राणा विकास ने बताया कि यह कार्यक्रम उषा मार्टिन फाउंडेशन के सौजन्य से चलाया जा रहा है। अस्पताल द्वारा टाटीसिलवे, अनगड़ा, नामकुम आदि इलाकों में लगातार स्वास्थ्य जांच शिविर, एनीमिया मुक्त अभियान, आयुर्वेद चिकित्सा आदि कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं जिसका ग्रामीण लाभ उठा रहे हैं। आगे शालिनी अस्पताल एवं उषा मार्टिन फाउंडेशन द्वारा कई अन्य स्वास्थ्य कार्यक्रम चलाए जाने की योजना है। इस अवसर पर 25 मरीजों के बीच निःशुल्क चश्मा का वितरण किया गया। मौके पर उषा मार्टिन फाउंडेशन के सचिव डॉ मंयक मुरारी, अरविंद लोहरा, गोपाल मुण्डा, एमिल कंपनी के राम पाठक, वरूण कुमार, मोनित भुटकुंवर, भुनेश्वर महतो, शालिनी अस्पताल के शिशिर भगत, दिलीप मुण्डा, सीताराम साहू, संपूर्णानंद महतो आदि उपस्थित थे।

## हुंडरू फॉल के पर्यटक मित्रों ने फॉल घूमने आये पर्यटक को गहरे पानी में डूबने से बचाया

**पर्यटक राहुल कुमार को झरना के पास तैनात जांबाज पर्यटक मित्र चंद्र उदय बेदिया ने जान पर खेलकर बचाया**

आजाद सिपाही संवाददाता



**सिकिदिरी।** हुण्डरु फॉल घूमने आये पर्यटक राहुल कुमार (33) को पर्यटक मित्रों ने गहरे पानी में डूबने से बचा लिया। घटना बुधवार शाम 5:30 बजे की है। राहुल कुमार लातेहार एवं गेतलसुद से अपने दस साथियों के साथ कार संख्या जेएच01इएस-4178 से हुण्डरु फॉल घूमने आये था। पर्यटक राहुल कुमार हुण्डरू फॉल स्थित मनतू मारा दह के समीप खतरे वाले पत्थर में सेल्फी ले रहा था। इसी क्रम में, अचानक पैर फिसल गया और मनतू मारादह के गहरे पानी में गिर गया। बाकी साथी उसे डूबता देखकर बचाने के लिए चिल्लाने लगे। चिल्लाने की आवाज सुनकर झरना के पास तैनात जांबाज पर्यटक मित्र चंद्र उदय बेदिया दौड़ते हुए पहुंचा और राहुल कुमार को बचाने के लिए जान की परवाह किये बिना गहरे पानी में छलांग लगा दिया और काफी मशक्कत के बाद पानी से बाहर निकाल लाया। झरना के पास ड्यूटी कर रहे पर्यटक मित्र के मना करने के बावजूद सभी लोग खतरे वाली जगह पर चल गये थे। झारखंड पर्यटन सुरक्षा समिति के अध्यक्ष राजकिशोर प्रसाद ने बताया कि झरना के सभी खतरे वाले क्षेत्र में लाल झंडा एवं पत्थरों में चेतावनी का बोर्ड लिखा हुआ है, फिर भी पर्यटक अनसुना करते हुए पानी में उतर जाते हैं। पर्यटक को बचाने में बुधराम बेदिया, रंजन कुमार बेदिया, महेश्वर बेदिया आदि पर्यटक मित्र शामिल थे।

## जतरा हमारी सांस्कृतिक धरोहर है : सन्नी टोप्पो

**बेड़ो के डुमर टोली में 18 वां इंद जतरा समारोह संपन्न**

आजाद सिपाही संवाददाता



**बेड़ो।** प्रखंड के करंज टोली स्थित डूमर टोली गांव के तेला टिकरा में बुधवार को 18 वां इंद जतरा का आयोजन किया गया। जतरा में पुरियो, चुटूटोली समेत 10 खोड़ा दल के टीम ने डूमर टोली स्थित जतरा स्थल पर पारंपरिक रूप से ढोल ढाक और नाच गान करते हुए जतरा स्थित झंडा के समीप पहुंचकर खोड़हा दल के लोगों ने पारंपरिक रीति रिवाज के तहत पूजा अर्चना किया। वही जतरा में बतौर मुख्य अतिथि सन्नी टोप्पो शामिल हुए। मौके पर सन्नी टोप्पो ने कहा कि जतरा हमारी सांस्कृतिक धरोहर है, इसे संजोकर रखने की जरूरत है। हम सभी को अपनी रीति-रिवाज परंपरा को बचाने को ले जतरा को और बेहतर ढंग से आयोजित करने की जरूरत है। वही इसके पूर्व कार्यक्रम की शुरूआत पूजा अर्चना के बाद आधुनिक नागपुरी सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। जहां खोड़हा दल की टीम समेत पहान, पूजार व कोटवार को अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। मौके पर परमेश्वर भगत, जगरनाथ भगत, विशाल उरांव, महादेव कुजूर सहित कई लोग मौजूद थे। इंद जतरा को सफल बनाने में समिति के अध्यक्ष जयंत केरकेट्टा, सचिव अमित उरांव, कोषाध्यक्ष पुनई उरांव, विकास तिर्की,उप सचिव प्रवीण

### कार्यक्रम : '54 प्रकार के मडुआ कूकीज 52 मिनट में' विषय पर 'इंडिया बुक ऑफ रिकार्ड्स 2023' का आयोजन

## आइएचएम रांची ने 'इंडिया बुक ऑफ रिकार्ड्स' में कीर्तिमान बनाया

**इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड की टीम ने बनायी गयी डिश की समीक्षा कर पुष्टि की**

आजाद सिपाही संवाददाता



**मांडर।** पर्यटन विभाग, झारखंड सरकार द्वारा स्थापित एवं नेशनल कौंसिल फॉर होटल मैनेजमेंट एंड कैटरिंग टेक्नोलॉजी, नोएडा से एफिलिएटेड इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट (आईएचएम) रांची को विश्व पर्यटन दिवस एवं संयुक्त राष्ट्र द्वारा घोषित वर्ष को 'इंटरनेशनल ईयर ऑफ मिल्लेट्स' के रूप में मनाने तथा झारखंड के स्थानीय मिलेट 'मड़ुआ' जो झारखंड राज्य के लोगों और जनजातियों के बीच प्रसिद्ध है तथा इसके न केवल अपार स्वास्थ्य लाभ हैं बल्कि यह अपने उच्च पोषण के लिए जाना जाता है, उसे अंतराष्ट्रीय पहचान दिलाने हेतु लगातार दूसरे वर्ष भी '54 प्रकार के मड़ुआ कूकीज 52 मिनट में' विषय पर 'इंडिया बुक ऑफ रिकाड्र्स 2023' का आयोजन किया गया। इंडिया बुक ऑफ रिकाड्र्स 2023 प्रतियोगिता में संस्थान की स्पेशल 26 टीम द्वारा 52 मिनट्स में झारखंड के स्थानीय मिलेट 'मड़ुआ' आधारित जागरी कूकीज, रागी पिनव्हील, क्रैनबेरी कूकीज, रागी फ्लैक्ससीड्स कूकीज, रागी पिस्ताचिओ बिस्कोटी, बैचलर बटन्स, स्ट्रॉबेरी एंड ब्लूबेरी, क्रिंकले, रागी हॉर्न्स, मैडेलीन, रागी फ्रूट कूकीज, ब्लोंडी, चॉकलेट मेल्टिंग मोममेंट्स, रागी डार्क चॉकलेट एंड कॉफी, रागी ट्रफल दौघ कूकीज, स्पिकेड रागी कूकीज, रागी शोर्टब्रेड विथ क्रैनबेरी एंड पिस्ताचिओ, रागी हनी कूकीज, मिलेट तुईले, रागी, लेमन एंड राइसिन स्कोनस, रागी वनीला, रागी कोको, रागी कोकोनट एवं रागी आलमंड शोर्टब्रेड जैसे विभिन्न प्रकार के 54 कूकीज बना कर आईएचएम रांची द्वारा नया कीर्तिमान स्थापित किया गया। इस दौरान इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड की टीम ने बनायी गयी डिश की समीक्षा कर पुष्टि की। समापन समारोह संस्थान के ऑडिटोरियम में किया गया जहां मुख्य अतिथि के रूप में मनोज कुमार, सचिव, पर्यटन विभाग, झारखण्ड सरकार तथा अन्य अतिथियों में डॉ. प्राकृत कुमार सिंह, अधिनिर्णायक, इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स धर्मेंद्र दीक्षित, ब्रेजेश कुमार गुप्ता, महाप्रबंधक, होटल ले लेक सरोवर, रांची, राजीव रंजन, होटल हॉट लिप्स, रांची, शेफ रामा, होटल रेडिसन ब्लू, रांची, सुलेमान, बीडीओ, मांडर, हेमराज, सीओ, मांडर एवं मीडिया कर्मियों, फूड ब्लॉगर्स और सोशल मीडिया के लोग उपस्थित रहे।

### महत्वपूर्ण न्यूज

## भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता बूथ सशक्तिकरण अभियान में जुट जायें : प्रदीप वर्मा



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** भारतीय जनता पार्टी खिजरी मंडल की बैठक बुधवार को समाधान केंद्र नामकुम बाजार में खिजरी मंडल अध्यक्ष अशोक मुंडा की अध्यक्षता में की गयी। बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित भाजपा के प्रदेश महामंत्री प्रदीप वर्मा उपस्थित थे। बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता बूथ मजबूत करने के लिये जुट जाएं। जो भी बूथ पर बूथ अध्यक्ष की नियुक्त नहीं की गयी है, वहां शीघ्र नियुक्ति की जाये। उन्होंने कार्य में कोई भी कोताही नहीं बरतने की बात कही। कहा कि जिनको जो जिम्मेदारी दी गयी है वह सच्ची निष्ठा और लगन के साथ पार्टी का काम करें और बूथ सशक्तिकरण अभियान में जुट जाएं। धन्यवाद ज्ञापन खिजरी विधानसभा सांसद प्रतिनिधि प्रमोद कुमार सिंह ने किया। बैठक में भाजपा महिला मोर्चा की राष्ट्रीय मंत्री आरती सिंह, सांसद प्रतिनिधि प्रमोद कुमार सिंह, मंडल उपाध्यक्ष प्रज्ञा भारती, अनिरुद्ध पांडे, गोपाल चौधरी, हरीश गंझू , राजू नायक, रितेश उरांव, पुष्पा चौधरी, प्रभुदयाल बड़ाईक, दिलीप साहू, राजू लकड़ा, सुजीत कुमार सिन्हा, अरविंद कुमार, विजय नायक, शिल्पी शालिनी, जयंती देवी, संगीता देवी, शंकर सिंह मुंडा, सविता देवी, जीतन देवी आदि उपस्थित थे।

## नटराज युवक संघ दुर्गा पूजा समिति के पूजा पंडाल का किया गया भूमिपूजन



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** लोवाडीह चौक पर बुधवार को नटराज युवक संघ दुर्गा पूजा समिति के पूजा पंडाल का भूमिपूजन किया गया। भूमिपूजन लोवाडीह चौक स्थित शिव मंदिर के पूजारी द्वारा की गयी। इस अवसर पर मां दुर्गा के वंदना के साथ विधिवत पंडाल निर्माण कार्य की शुरूआत की गयी। पंडाल निर्माण के लिये बंगाल से कुशल कारीगरों को बुलाया गया है। समिति के अध्यक्ष प्रदीप साहू ने बताया कि पूजा में मुख्य आकर्षण का केंद्र मां दुर्गा की प्रतिमा होगी, जो काफी भव्य और दिव्य होगा। बताया कि पूजा महोत्सव में महिलाओं की सबसे मुख्य भूमिका होती है। इस वर्ष समिति द्वारा पूजा को पूरे भक्तिपूर्ण वातावरण में मनाने का निर्णय हुआ है।

## धूमधाम के साथ मनाया गया करम पर्व



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** करमा पर्व जोरार पाहन टोली में पूरे विधि-विधान व आस्था के साथ मनाया गया। हर ओर खुशी व उल्लास का वातावरण रहा। गांव के हर गली-मोहल्लों में रात भर रौनक देखने को मिली। लोगों ने पाहन-पुजार के नेतृत्व में करम डाल की पूजा-अर्चना कर सुख, शांति व समृद्धि की प्रार्थना की। बहनों ने भाइयों के लिये उपवास रखकर उनकी लंबी उम्र व सुख-शांति की कामना की। शाम के बाद अखरा में युवाओं का उत्साह देखने लायक था। सुगंधित पुष्प, पत्ता, रंग बिरंगे लाईट से सजे करम मंडप के आसपास युवक-युवतियां टोलियों में नाच-गान कर रहे थे। इस समारोह में मुख्य रूप से नागपुरी सुपर स्टार रमन गुप्ता, पार्षद कविता सांगा, पूर्व पार्षद किरण सांगा, बादल सांगा, राहुल बाल्मिकी, बसंत सांगा, नेहा सांगा, मुकेश सांगा, सुमन मुंडा, सोनू सांगा, आकाश सांगा, सिवनी सांगा, सुनील मुंडा, बीके नायक, राहुल भट्ट कुमार, अंकित टोप्पो, राजू मिंज, शैली सांगा के साथ ग्रामीण शामिल हुए।

## आजसू पार्टी केंद्रीय महाधिवेशन को लेकर चलाया गया जनसंपर्क अभियान



**सिकिदिरी (आजाद सिपाही)।** आजसू पार्टी का केंद्रीय महाधिवेशन की तैयारी को लेकर जोरदार जनसंपर्क अभियान चलाया गया। जनसम्पर्क में आजसू पार्टी पूर्व प्रत्याशी पारसनाथ उरांव ने गांव गांव जाकर आजसू पार्टी की नीति और सिद्धान्तों को बताते हुवे लोगों को मोराबादी मैदान में 1 अक्टूबर को भाग लेने का आह्वान किया । जिसमें जरगा, पैका, बोंगाईबेड़ा, सिरपा, चतरा, गंगाघाट आदि जगहों पर सम्पर्क किया गया। मौके पर झारखंड आन्दोलनकरी आजसू पार्टी जिला वरीय उपाध्यक्ष जलनाथ चौधरी, संजय महतो, गोपाल महतो, साबित देवी, अगमलाल मुंडा, जयमसी तिर्की, रवि मुंडा, प्रदीप महतो, रेलवा महतो, लखीराम महतो, काशीनाथ महतो, सूदन देवी, सुलो देवी आदि तमाम लोग उपस्थित रहे।

## हुंडरू फॉल में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम का किया गया आयोजन



**सिकिदिरी (आजाद सिपाही)।** डीआरडीए रांची, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग रांची पूर्वी झारखंड सरकार, सेंटर फॉर एन्वॉरन्मेंट एडुकेशन एवं एचडीएफसी बैंक के सौजन्य से बुधवार को स्वच्छता ही सेवा अभियान कार्यक्रम के तहत स्वच्छता ड्राईव चलाया गया । सफाई अभियान हुण्डरु फॉल मेन गेट के बाहर आसपास क्षेत्रों में फैले कचरों का साफ सफाई किया गया । स्वच्छता अभियान में कुच्चू एवं नवागढ़ पंचायत के सभी गांवों के जल सहिया ,कुच्चू मुखिया एवं वार्ड सदस्य आदि शामिल हुए । हुण्डरु फॉल आये पर्यटकों से पर्यटन स्थल एवं आसपास क्षेत्रों में गंदगी नहीं फैलाने की अपील की गयी स्वच्छता अभियान कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रोजेक्ट ऑफिसर सीईई सुबीर रंजन, जिला कोडिनार संजय कुमार, कुच्चू मुखिया सहदेव बेदिया, विनोद तिग्गा पंचायत सेवक तरूण कुमार प्रखण्ड कोडीनेटर, बदरी ग्राम प्रधान बालेश्वर बेदिया, हुण्डरु ग्राम प्रधान जयदेव बेदिया,अशोक मुण्डा ,रोजगार सेवक, राजकिशोर प्रसाद ,मनोज बेदिया, वार्ड सदस्य रामकुमार बेदिया, गिलू बेदिया, जलसहिया कल्पना देवी, बारनी देवी, सुनिता देवी, गीता देवी, सुमित्रा बेदिया, इंदूरेखा देवी, सोमा देवी, सविता देवी आदि शामिल थे।

